
ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, सोमवार 05 मई 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 41


## पुतिन बोले- आतंकवाद के खिलाफ भारत को फुल सपोर्ट:रूसी राष्ट्रपति इस साल भारत आएंगे, यूक्रेन वॉर के बाद पहली इंडिया विजिट



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को पीएम मोदी को फोन करके पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए 26 लोगों के लिए संवेदना जाहिर की। इसके साथ ही आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में भारत को पूर्ण समर्थन देने की बात कही।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने X पोस्ट में कहा कि बातचीत के दौरान रूसी राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि हमले में शामिल और उनके पीछे को लोगों को कटघरे में लाया जाना चाहिए।

**रणधीर जायसवाल X पोस्ट में लिखा-** राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया और भारत के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को कटघरे में लाया जाना चाहिए।

**पुतिन यूक्रेन वॉर के बाद पहली बार भारत आएंगे**

राष्ट्रपति पुतिन इस साल भारत आएंगे दौरे पर आएंगे। उनकी विजिट के लिए तैयारियां की जा रही हैं। हालांकि, अभी तक उनकी विजिट किस महीने या तारीख को होगी इसकी जानकारी सामने नहीं आएगी। 2022 में यूक्रेन वॉर शुरू होने के बाद पुतिन की यह पहली भारत यात्रा है।

इससे पहले पुतिन 2021 में सिर्फ 4 घंटे के लिए भारत आए थे। इस दौरान भारत और रूस के बीच 28 समझौते पर दस्तखत हुए थे। इसमें मिलिट्री और तकनीकी समझौते थे। दोनों देशों ने 2025 तक 30 अरब डॉलर (2 लाख 53 हजार करोड़ रुपए) सालाना ट्रेड का टारगेट रखा था। अरेस्ट वारंट जारी होने के बाद दूसरे देशों की यात्रा से बच रहे पुतिन

मार्च 2023 में ICC ने पुतिन के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया था। कोर्ट ने यूक्रेन में बच्चों के अपहरण और डिपोर्टेशन के आरोपों के आधार पर पुतिन को वॉर क्राइम्स के लिए जिम्मेदार माना था।

यह पहला मौका था जब ICC ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के किसी स्थायी सदस्य देश के टॉप लीडर के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया था। अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस UNSC के स्थायी सदस्य हैं।

इसके बाद से पुतिन दूसरे देशों की यात्राएं करने से बचते रहे हैं। वह पिछले साल G20 समिट में शामिल होने भारत नहीं आए थे। इस साल ब्राजील में हो रहे G20 समिट में भी हिस्सा नहीं लिया है। उनकी जगह विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव दोनों कार्यक्रम में शामिल हुए।

**हमले वाले दिन भी भारत का सपोर्ट किया था**

रूस 22 अप्रैल को पहलगाम हमले वाले दिन भी भारत के लिए अपना सपोर्ट जाहिर किया था। तब राष्ट्रपति पुतिन ने कहा था कि पहलगाम हमले के अपराधियों को सख्त सजा मिलेगी। हम भारत के साथ हैं। हमारी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ है। हम सभी घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।



## FY25 में 2.6 करोड़ से ज्यादा गाड़ियां बिकीं:अप्रैल में मारुति ने सबसे ज्यादा 1.38 लाख कारें बेचीं, टू-व्हीलर्स सेल्स में हीरो का मार्केट शेयर 30%



**24 न्यूज अपडेट**

पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में देशभर में 2.6 करोड़ गाड़ियां बिकीं हैं। सालाना आधार पर इसमें 6.46% की बढ़ोतरी हुई है। इसमें अकेले टू-व्हीलर सेगमेंट में 1.88 करोड़ गाड़ियों की सेल हुई। पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले यह 7.71% ज्यादा रही। वहीं, नए वित्त वर्ष 2025-26 के पहले महीने अप्रैल में देश में गाड़ियों की सेल 22 लाख से ज्यादा रही। पिछले साल अप्रैल के मुकाबले इसमें 2.95% की ग्रोथ हुई है। इस दौरान टू-व्हीलर्स कैटेगरी में 16 लाख से ज्यादा गाड़ी बिकी, जो अप्रैल 2024 के मुकाबले 2.25% ज्यादा है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल एसोसिएशन (FADA) ने फाइनेंशियल ईयर 2025 और अप्रैल 2025 में बिकने वाली गाड़ियों की सेल्स रिपोर्ट जारी की है। अप्रैल में हीरो ने सबसे ज्यदा 5.11 लाख दोपहिया वाहन बेचें। इस कैटेगरी में सबसे ज्यादा गाड़ी बेचकर कंपनी 30% हिस्सेदारी के साथ टॉप रही। वहीं, पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में मारुति सुजुकी ने 39.44% हिस्सेदारी के साथ 1,38,021 कारें बेचकर टॉप पर रही।

## सोना 1,328 बढ़कर 95,282 पर पहुंचा:इस साल अब तक 19,120 रुपए महंगा हुआ, चांदी 94,100 किलो बिक रही



**24 न्यूज अपडेट**

सोने के दाम में आज यानी 5 मई को 1,328 की बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 95,282 पर पहुंचा गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 93,954 थी।

वहीं, एक किलो चांदी की कीमत आज 25 गिरकर 94,100 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 94,125 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 का और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## राहुल की नागरिकता मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला:रिपोर्ट के अभाव में केस किया बंद



इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहुल गांधी को ब्रिटिश नागरिक बताने वाले केस को बंद कर दिया है। कोर्ट ने कहा- राहुल की नागरिकता की रिपोर्ट केंद्र सरकार पेश नहीं कर पाई।

**कोर्ट ने कहा-** केवल रिपोर्ट के इंतजार में याचिका को लंबित नहीं रखा जा सकता। जब भी रिपोर्ट केंद्र सरकार को प्राप्त होती है, तो याचिकाकर्ता को उसकी एक प्रति उपलब्ध कराएं और उसे कोर्ट में भी प्रस्तुत करें। केंद्र सरकार के वकील ने कहा कि यह मामला दो देशों के बीच की संवेदनशील जानकारी से जुड़ा है। संबंधित देश को कई रिमाइंडर भेजे जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला है, इसलिए कुछ और समय दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि फिलहाल इस याचिका की सुनवाई पूरी की जा रही है। याचिकाकर्ता को यह स्वतंत्रता है कि वह नागरिकता से संबंधित किसी भी अन्य फोरम या कोर्ट में याचिका दाखिल कर सकता है।

## CLAT UG 2025 मामला- सुप्रीम कोर्ट में अगले हफ्ते सुनवाई:केंद्र, नेशनल हेल्थ कमीशन और नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जॉमिनेशन को नोटिस




CLAT UG 2025 मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यूनाईटेड डॉक्टर्स फ्रंट (यूडीएफ) की याचिका पर भारत सरकार, नेशनल हेल्थ कमीशन और नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जॉमिनेशन को नोटिस जारी किया है। मामले की सुनवाई अब अगले हफ्ते होगी।

इससे पहले 30 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी। जस्टिस BR गवई और ऑगस्तीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने 23 अप्रैल के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चैलेंज करने वाली CLAT कैंडिडेट की अर्जी को सुनने का फैसला किया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज (CNLU) को CLAT UG-2025 की मार्कशीट्स रिवाइज करने और चार हफ्तों के अंदर फाइनल कैंडिडेट्स की लिस्ट दोबारा पब्लिश करने का आदेश दिया था। CNLU ही CLAT एग्जाम का आयोजन करता है। CLAT 2025 का एग्जाम पिछले साल 1 दिसंबर को हुआ था और 7 दिसंबर को इसका रिजल्ट जारी किया गया था। इसके बाद अलग-अलग कोर्ट में केस दर्ज किए गए जिनमें कहा गया कि एग्जाम में कई गलत सवाल पूछे गए थे। 6 दिसंबर को इन सभी केसों को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए ट्रांसफर कर दिया गया था।

**हाईकोर्ट ने 2 सवालों में गलती मानी थी**

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक कैंडिडेट आदित्य सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए 2 सवालों में गलतियां मानीं और रिजल्ट सुधारने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज (CNLU) को सेट-A के क्वेश्चन नंबर 14 और 100 से जुड़े सुधार कर नया रिजल्ट जारी करने का आदेश दिया है।

**'दो सवाल साफ तौर पर गलत, आंखें मूंदकर अन्याय नहीं कर सकते': हाईकोर्ट**

CLAT 1 दिसंबर 2024 को हुआ था। फाइनल आंसर-की 9 दिसंबर और रिजल्ट 10 दिसंबर को जारी होना था, लेकिन कंसोर्टियम ने बिना किसी पूर्व सूचना के 7 दिसंबर की देर रात फाइनल आंसर-की और रिजल्ट एकसाथ घोषित कर दिया। रिजल्ट में गलतियों की शिकायतें भी आईं, लेकिन उनका निपटारा किए बगैर काउंसिलिंग शुरू कर दी गई।

CLAT देने वाले आदित्य सिंह के पिता पंकज विवेक ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर रिजल्ट को चुनौती दी। उन्होंने फाइनल आंसर-की रद्द करने और काउंसिलिंग रोकने की मांग की थी। इस पर हाईकोर्ट की जज ज्योति सिंह ने याचिका को जायज मानते हुए फैसला सुनाया। उन्होंने पेपर के सेट-A के क्वेश्चन नंबर 14 और 100 के गलत उत्तरों को सही करने और इसके बाद ही नया रिजल्ट जारी करने का आदेश दिया है।

## सेंसेक्स 295 अंक ऊपर 80,797 पर बंद:निफ्टी 114 अंक चढ़ा; अडाणी पोर्ट्स में 6% की तेजी, कोटक बैंक का शेयर 4.50% गिरा




**24 न्यूज अपडेट**

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन आज यानी सोमवार, 5 मई को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 295 अंक ऊपर 80,797 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 114 अंक की तेजी रही, ये 24,461 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयरों में तेजी देखने को मिली। अडाणी पोर्ट्स का शेयर 6.31%, बजाज फिनसर्व 3.73%, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.11% और जोमैटो 2.45% चढ़कर बंद हुए। वहीं, कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 4.59% और SBI का 1.26% नीचे आ गए हैं।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 38 में तेजी रही। NSE के सेक्टोरल इंडाइसेज में ऑटो में 1.85%, FMCG में 1.22%, मेटल में 0.96% और ऑयल एंड गैस में 1.70% की तेजी रही। जबकि, बैंकिंग सेक्टर में मामूली गिरावट रही।

## महाकाल मंदिर परिसर में लगी आग उज्जैन में दूर से दिखाई दी लपटें, श्रद्धालुओं का प्रवेश रोकना पड़ा



उज्जैन में महाकाल मंदिर परिसर में कंट्रोल रूम की छत पर आग लग गई। इससे पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम की बैटरियां जल गईं। दूर से ही धुआं और आग की लपटें दिखाई दे रही थी। आग लगने के बाद मंदिर में भक्तों का प्रवेश रोकना पड़ा। आग बुझाने के दौरान एक कर्मचारी के दोनों हाथ झुलस गए।

घटना मंदिर के गेट नंबर 1 पर स्थित अवंतिका गेट के कंट्रोल रूम की छत पर हुई। सूचना मिलते ही दमकलें मौके पर पहुंची। कुछ ही देर बाद ही आग पर काबू पा लिया गया। इसके बाद मंदिर के गेट को दोबारा खोल दिया गया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

**कलेक्टर-एसपी भी मौके पर पहुंचे**

आग लगने की सूचना मिलते ही कलेक्टर रोशन सिंह, महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा, नगर निगम कमिश्नर आशीष पाठक सहित अधिकारी मौके पर पहुंचे।

**आग में किसी जनहानि की सूचना नहीं**

महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया, कंट्रोल रूम की छत पर पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम की बैटरी में आग लगी थी, जिस पर तत्काल काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है, केवल बैटरियों का ही नुकसान पहुंचा है।

## वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में 15 मई को सुनवाई:केंद्र का हलफनामा- 12 साल में वक्फ संपत्ति 20 लाख एकड़ बढ़ी; याचिकाकर्ता ने गलत बताया था



वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई टल गई है। अगली सुनवाई 15 मई को होगी। इससे पहले 17 अप्रैल को कोर्ट ने केंद्र को जवाब देने के लिए सात दिन का समय दिया था। साथ ही अगली सुनवाई तक वक्फ बोर्ड में नई नियुक्तियों पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र का जवाब आने तक वक्फ घोषित संपत्ति पर यथास्थिति बनाए रखने को कहा था। केंद्र ने 25 अप्रैल को दायर हलफनामे में कहा कि कानून पूरी तरह संवैधानिक है। यह संसद से पास हुआ है, इसलिए इस पर रोक नहीं लगाई जानी चाहिए। 1332 पन्नों के हलफनामे में सरकार ने दावा किया 2013 के बाद से वक्फ संपत्तियों में 20 लाख एकड़ से ज्यादा का इजाफा हुआ। इस वजह से कई बार निजी और सरकारी जमीनों पर विवाद हुआ।

वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (AIMPLB) ने सरकार के आंकड़ों को गलत बताया और कोर्ट से झूठा हलफनामा देने वाले वाले अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की।

नए वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 70 से ज्यादा याचिकाएं दायर हुई हैं, लेकिन कोर्ट सिर्फ पांच मुख्य याचिकाओं पर ही सुनवाई करेगा। इसमें AIM-IM सांसद असदुद्दीन ओवैसी की याचिका शामिल है। नया कानून अप्रैल में राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद लागू हुआ था। लोकसभा में 288 और राज्यसभा में 128 सांसदों ने इसका समर्थन किया था। कई विपक्षी पार्टियों ने इसका विरोध किया और सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

**अपनी क्षेत्र से सम्बन्धित समाचार हमारी मेल आई पर भेजें**
desk24newsupdate@gmail.com

## संपादकीय : आर्थिक आघात

पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ भारत सावधानी से कदम आगे बढ़ा रहा है। सिंधु जल समझौते को निलंबित करने, हवाई मार्ग बंद करने जैसे फैसलों के बाद अब उसने पाकिस्तान से किसी भी प्रकार के आयात पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। माना जा रहा है कि इससे पाकिस्तान को बड़ा आर्थिक आघात पहुंचेगा। पहलगाम हमले के बाद से देश में आक्रोश है। सरकार भी लगातार बैठकों और मंत्रणाओं के जरिए यह संदेश देने का प्रयास कर रही है कि जल्दी ही वह पाकिस्तान के खिलाफ कोई निर्णायक और कड़ा कदम उठाएगी। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सार्वजनिक मंचों से भरोसा दिला चुके हैं कि वे दोषियों को कड़ी सजा दिला कर रहेंगे। राष्ट्रीय जांच एजेंसी इस हमले की गहन जांच कर रही है। खुफिया एजेंसियों ने यह पता लगा लिया है कि आतंकियों ने किस प्रकार हमले को अंजाम दिया। इस हमले में शामिल स्थानीय आतंकियों के मकान ध्वस्त किए जाने की कार्रवाई की गई है। पाकिस्तान से आए आतंकियों को साथ लेकर हमले को अंजाम दिया गया। पता चला है कि ये वे आतंकी ही थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान बड़ा हमला करने की योजना बनाई थी। दौरा टलने के बाद उन लोगों ने पहलगाम हमले को अंजाम दिया। शुरू में ही यह तथ्य सामने आ गया था कि पहलगाम हमले में लश्कर-ए-तैयबा के एक आनुषंगिक संगठन का हाथ था, लेकिन पाकिस्तान हमेशा की तरह अपना हाथ होने से मना कर रहा है। पाकिस्तान की यह आदत रही है कि तमाम तथ्यों और दस्तावेजों के बावजूद उसने आज तक किसी भी घटना में अपनी जमीन के इस्तेमाल होने की बात कबूल नहीं की है। अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के सामने पहलगाम हमले को लेकर भारत पुख्ता तरीके से बात रख रहा है वहां की सेना और खुफिया एजेंसी आइएसआइ की देखरेख में पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकियों को प्रशिक्षित करने के शिविर चलाए जा रहे हैं। स्पष्ट है कि पहलगाम हमले को लेकर जवाबी कार्रवाई की तैयारी भारत करेगा ही । यह देख अमेरिका और रूस समेत कई देश भारत और पाकिस्तान से तनाव और न बढ़ाने की अपील कर रहे हैं। राष्ट्रीय जांच एजंसी ने अपनी शुरुआती जांच में पाकिस्तान के खिलाफ कई तथ्य इकट्ठा किए हैं। यह छिपी बात नहीं है। कि पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजंसी लगातार आतंकवाद को भारत के खिलाफ एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करती रही हैं और उन पर नकेल कसने की मांग बार-बार उठती रही है। अपने दुश्मन को केवल बंदूक से परास्त नहीं किया जा सकता। आज की स्थिति में उस पर आर्थिक वार सबसे बड़ा हमला होता है। इस अर्थ में भारत का पाकिस्तान से आयात पर पूर्ण प्रतिबंध ज्यादा कारगर साबित हो सकता है। हालांकि पाकिस्तान से सीधा कारोबार काफी कम हो गया था । सड़क मार्ग से तिजारत बहुत समय से बंद है, हवाई सेवाएं भी रुकी हुई हैं, पहलगाम हमले के बाद दोनों देशों के बीच वाघा और अटारी सीमा से होने वाली आवाजाही भी बंद हो चुकी है, लेकिन दोनों देशों के बीच तीसरे मुल्क से कारोबार जारी था। भारत ने इस तरह के भी कारोबार पर रोक लगा दी है। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति पहले से ही बहुत बुरी है, उस पर भारत का ताजा निर्णय गहरी चोट करेगा।

## दवा की पहुंच

ऐसे मामले अक्सर सामने आते रहते हैं, जिनमें कमजोर या गरीब तबकों के लोग सिर्फ इसलिए किसी गंभीर बीमारी का इलाज ठीक से नहीं करा पाते, क्योंकि उसके इलाज का खर्च वहन करना उनकी क्षमता से बाहर होता है। इलाज में सबसे अहम खर्च दवाओं पर होता है, जिनकी कीमतें कई बार सबकी पहुंच में नहीं होतीं। समूची स्वास्थ्य सेवा के संदर्भ में समय के साथ यह एक बड़ी समस्या बनती गई है। दवाओं की बेलगाम कीमतों को लेकर कई तरह के सवाल उठाए जाते हैं। सरकार ने इस मुश्किल से पार पाने के लिए वैकल्पिक उपाय के तौर पर मरीजों के लिए जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता बढ़ाने की कोशिशें की हैं, लेकिन अब भी इस दिशा में कोई ठोस प्रगति नहीं दिखती। दवाओं की कीमतों और कंपनियों की अनैतिक विपणन के चलन पर काबू पाने से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान गत शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चिकित्सक अगर सिर्फ जेनेरिक दवाएं लिखें तो दवा कंपनियों और चिकित्सकों के बीच रिश्वतखोरी से उपजी इस समस्या को रोका जा सकता है। यह छिपा नहीं है कि दवा कंपनियों के दबाव में डाक्टर मरीजों को आमतौर पर महंगी दवाएं लिखते हैं जबकि उन्हीं रासायनिक मिश्रण से बनी और समान असर वाली उपयोगी जेनेरिक दवाओं की कीमत काफी कम हो सकती है। दरअसल, मरीजों को जरूरत से ज्यादा दवाएं लिखने के एवज में दवा कंपनियां चिकित्सकों को कई तरह की सुविधाएं मुहैया कराती रही हैं, उन्हें प्रकारांतर से रिश्वत भी देती हैं। इस तरह डाक्टरों पर यह दबाव बनता है कि वे मरीजों को किसी खास ब्रांड या कंपनी की ही दवा लेने की सलाह दें। चिकित्सा क्षेत्र में पलते इस भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए सरकारें अक्सर कुछ कदम उठाने की घोषणा करती हैं, लेकिन व्यवहार में अब तक इसका कोई ठोस असर सामने नहीं आया है। अनुचित तौर-तरीके अपना कर चिकित्सकों के जरिए दवा कंपनियां जिस तरह बेलगाम मुनाफाखोरी करती हैं, उसका खमियाजा आम लोगों को ही भुगतना पड़ता है। जरूरत इस बात की है कि सरकार समान गुणवत्ता और असर वाली जेनेरिक दवाओं की आसान उपलब्धता और इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सुचिंतित कदम उठाए ।

# बांसवाड़ा पेपरलीक डमीजीव अभ्यारण्य : 18 के खिलाफ चार्जशीट दाखिल, कोई कांस्टेबल, कोई थर्ड ग्रेड टीचर कोई स्टेशन मास्टर!




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुरं राजस्थान की प्रतिष्ठित वनरक्षक भर्ती परीक्षा-2020 के पेपर लीक प्रकरण में सोमवार को एक बड़ा खुलासा हुआ, जब एसओजी ने बांसवाड़ा की एडीजे अदालत में 18 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इस घोटाले में वे लोग शामिल पाए गए जो खुद सरकारी पदों पर कार्यरत हैं कृ जिनमें वनरक्षक, पुलिस कांस्टेबल, शिक्षक और स्टेशन मास्टर जैसे पद शामिल हैं। जांच के दौरान सामने आया कि समुएल निनामा, सीमा कुमारी और टिमो जैसी आरोपी महिलाएं और पुरुष वर्तमान में वनरक्षक पद पर कार्यरत हैं। वहीं, कमलेश कुमार, भीयाराम, देवाराम और लिखमाराम जैसे आरोपी वर्तमान में राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल के रूप में तैनात हैं। हीराराम सारण उर्फ हरीश उदयपुर में तृतीय श्रेणी अध्यापक के रूप में कार्यरत है जबकि कंवराराम चौधरी पालनपुर (गुजरात) में स्टेशन मास्टर के पद पर कार्यरत है। इस मामले की एफआईआर थाना राजतलाब, बांसवाड़ा में 30 जून 2024 को दर्ज की गई थी। इसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 419, 420, 467, 468, 471, आईटी एक्ट की धारा 66डी और राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2022 की धाराएं 3, 4, 6, 7 और 10 शामिल हैं। एसओजी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भवानी शंकर मीणा के नेतृत्व में यह चार्जशीट दाखिल की गई। एसओजी की जांच में तकनीकी साक्ष्य, कॉल रिकॉर्ड, लोकेशन ट्रैकिंग, मोबाइल चैट और गवाहों के बयानों के आधार पर इन सभी की संलिप्तता प्रमाणित पाई गई। आरोप है कि इन लोगों ने परीक्षा से पूर्व पेपर प्राप्त कर उसे उम्मीदवारों को पहुंचाया और अनुचित लाभ लिया। यह प्रकरण न केवल पेपर लीक की गंभीरता को उजागर करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि सरकारी सेवा में रहकर भी कुछ लोग व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने से नहीं हिचकते। अब जब चार्जशीट दाखिल हो चुकी है, तो यह देखना अहम होगा कि अदालत इस पर क्या रुख अपनाती है और इस घोटाले के अन्य परतें किस हद तक सामने आती हैं।

**चार्जशीट में नामजद आरोपी इस प्रकार हैं:**

छगन पारगी (36) – निवासी भीलकुआ, थाना सज्जनगढ़, बांसवाड़ा
सूर्यकान्ता (28) – वनरक्षक, निवासी कोठारा, बांसवाड़ा
फिरोज निनामा (31) – निवासी सांगवा, थाना सज्जनगढ़, बांसवाड़ा
समुएल निनामा (29) – वनरक्षक, निवासी घाटोल, बांसवाड़ा
प्रताप बामनिया (31) – निवासी महुडी, थाना सज्जनगढ़, बांसवाड़ा
हीराराम सारण उर्फ हरीश (36) – तृतीय श्रेणी अध्यापक, निवासी गुड़ामलानी, बाड़मेर, हाल पदस्थ उदयपुर
रमेश कुमार जाणी (26) – निवासी पूनासा, थाना भीनमाल, जालौर
शारदा (29) – निवासी माकड़ादेव, थाना बागपुरा, उदयपुर
कमलेश कुमार (30) – पुलिस कांस्टेबल, निवासी मीरपुरा, थाना करड़ा, जालौर
रेशमी (23) – निवासी मीरपुरा, थाना करड़ा, जालौर
सांवलाराम जाट (31) – निवासी बांतो की ढाणी, थाना गुड़ामलानी, बाड़मेर
कंवराराम (36) – निवासी गांव बांटा, थाना गुड़ामलानी, बाड़मेर
भीयाराम (31) – पुलिस कांस्टेबल, निवासी अरटयाव, गुड़ामलानी, बाड़मेर, पदस्थ उदयपुर
देवाराम (34) – पुलिस कांस्टेबल, निवासी मीरपुरा, थाना करड़ा, जालौर, पदस्थ उदयपुर
सीमा कुमारी (22) – वनरक्षक, निवासी चौधरियों का वास, थाना सिवाना, बालोतरा, पदस्थ बालोतरा
टिमो (24) – वनरक्षक, निवासी जादुओ का तला, रतासर, बाड़मेर, पदस्थ चौहटन
कंवराराम चौधरी (44) – स्टेशन मास्टर, निवासी जैरूपोनियों का तला, थाना सिणधरी, बालोतरा, पदस्थ पालनपुर, गुजरात
लिखमाराम (27) – ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल, निवासी शोभाला जेतमाल, थाना बिजराड, बाड़मेर, पदस्थ चौहटन

## भीलवाड़ा में सनसनीखेज वारदातः लड़की बनकर आया युवक, प्रेमिका को मारने पहुंचा और दूसरी को मारी गोली; भीड़ ने आरोपी को दबोचकर पीटा



**24 न्यूज अपडेट**

भीलवाड़ा के रोडवेज बस स्टैंड पर सोमवार को दिनदहाड़े उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब लड़की के गेटअप में आए एक युवक ने अचानक युवती को गोली मार दी। यह युवक अपनी प्रेमिका को जान से मारने आया था, लेकिन गलती से मिलती-जुलती शक्ल की दूसरी लड़की पर गोली चला दी। घायल युवती की हालत गंभीर बनी हुई है, वहीं हमलावर को मौके पर मौजूद लोगों ने पकड़ लिया और जमकर पीटा।

घटना में घायल युवती की पहचान रूमाना (22) के रूप में हुई है, जो अपनी मां साजिया बानो के साथ कोटा लौटने के लिए बस स्टैंड पहुंची थी। तभी अचानक एक युवक ने पीछे से उस पर फायर कर दिया। गोली उसकी कमर और पेट के बीच जा फंसी। उसे गंभीर हालत में पहले महात्मा गांधी अस्पताल भीलवाड़ा ले जाया गया, जहां से उसे JLN अस्पताल, अजमेर रेफर किया गया।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी युवक का नाम लोकेश शर्मा है, जो लड़की के भेष में, सिर पर विग लगाकर, अपनी प्रेमिका रानी की हत्या की नीयत से बस स्टैंड पहुंचा था। रानी और रूमाना की शक्ल में समानता के चलते उसने गलती से रूमाना को निशाना बना लिया। लोकेश ने रानी की एक घंटे तक रेकी की, लेकिन जब वह भ्रमित हुआ तो रूमाना को गोली मार दी।

गोलियों की आवाज से मौके पर भगदड़ मच गई। गोली मारने के बाद आरोपी ने खुद की कनपटी पर पिस्टल रखकर आत्महत्या की कोशिश की, लेकिन दोनों बार ट्रिगर दबाने पर गोली नहीं चली। इस पर मौके पर मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया और जमकर पीटा। रूमाना की मां साजिया बानो, जो अस्पताल के बाहर बिलखती नजर आईं, ने बताया, "हम शोकसभा से लौट रहे थे। बस में बैठने ही वाले थे कि अचानक किसी ने मेरी बेटी को गोली मार दी। मैंने उस युवक को देखा, जो अपनी कनपटी पर पिस्टल ताने खड़ा था। तभी मैंने चिल्लाकर उसे पकड़वाया।"

डीएसपी श्याम सुंदर ने पुष्टि की है कि आरोपी को डिटेन कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। शुरुआती पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है और यह भी देख रही है कि आरोपी ने हथियार कहां से प्राप्त किया और क्या कोई और इस साजिश में शामिल था।

## रेलवे सुरक्षा बल को मिला हार्टफुलनेस ध्यान का प्रशिक्षण, तनावमुक्त जीवन की ओर बढ़ाया कदम



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। हार्टफुलनेस संस्थान, उदयपुर केंद्र की ओर से सोमवार को पुलिस लाइन स्थित उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) थाने में अधिकारियों और जवानों के लिए ध्यान एवं ब्राइटर माइंड एक्सरसाइज़ पर आधारित एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इस आयोजन में केंद्र निरीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड़, हार्टफुलनेस समन्वयक डॉ. राकेश दशोरा, प्रशिक्षक डॉ. सुबोध शर्मा, सहायक उप निरीक्षक बाबूलाल एवं समय सिंह सहित 10 से अधिक पुरुष एवं महिला आरक्षक उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान डॉ. राकेश दशोरा ने प्रतिभागियों को हार्टफुलनेस ध्यान का अभ्यास कराया और इसके वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह ध्यान प्रणाली यौगिक प्राणाहुति पर आधारित है, जो व्यक्ति को हृदय से जुड़ने, उसकी दिव्यता को अनुभव करने और जीवन में संतुलन लाने में सहायक है। उन्होंने संस्थान के वैश्विक मार्गदर्शक श्री कमलेश पटेल 'दाजी' और तेलंगाना स्थित 'कान्हा शांतिवनम्' की जानकारी भी साझा की। प्रशिक्षक डॉ. सुबोध शर्मा ने ब्राइटर माइंड एक्सरसाइज़ करवाईं और समझाया कि इन सरल कसरतों के माध्यम से मस्तिष्क की पूर्ण क्षमताओं का उपयोग किया जा सकता है, जिससे व्यक्ति तनाव रहित एवं उत्पादक जीवन जी सकता है। आरपीएफ निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह राठौड़ ने ध्यान सत्र के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि इस अभ्यास से सभी को गहरी शांति एवं निश्चलता का अनुभव हुआ। उन्होंने हार्टफुलनेस संस्थान का आभार व्यक्त किया और बताया कि आरपीएफ जवानों के समग्र विकास हेतु आगामी एक माह तक प्रत्येक सोमवार सुबह 6.30 बजे योग एवं ध्यान कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। सहायक उप निरीक्षक बाबूलाल ने ध्यान को तनाव प्रबंधन का सबसे सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि यह न केवल तनाव को दूर करता है, बल्कि व्यक्ति के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है।

## पायलट बोले-हैवान थे पहलगाम के हमलावर, पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दें



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुरः उदयपुर आए पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने सोमवार को मीडिया के सामने पहलगाम, जातिगत जनगणना, बाप विधायक की गिरफ्तारी सरीखे विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी. कांग्रेस नेता रघुवीर मीणा के आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में पायलट ने भाजपा और केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा. साथ ही पहलगाम हमले के दोषियों और पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की.

टोंक विधायक सचिन पायलट ने कहा कि दो दिन पहले कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने प्रस्ताव में पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की. पायलट ने कहा कि यह एक तरीके से पाकिस्तान का आक्रमण है, जिसका भारत को जवाब देने का वक्त आ गया है. हमले के बाद से कांग्रेस ने पूरे भाव से केंद्र सरकार को समर्थन दिया कि जो उचित कार्रवाई करे, हम साथ हैं. देश की जनता एकजुट है. जनता चाहती है कि पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया जाए. पायलट ने कहा कि आतंकवाद खत्म करने का यही एक तरीका है कि मुंहतोड़ जवाब दिया जाए. पायलट ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद राहुल गांधी और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए प्रधानमंत्री को पत्र लिखा. पूरी दुनिया को पता चलना चाहिए कि आतंकवाद के खिलाफ भारत एकजुट है. देश का हर नागरिक चाहता है कि पाक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि वह आतंकवाद फिर पनाह नहीं दे सके.

दुर्भाग्य है कि प्रधानमंत्री नहीं आएः उन्होंने कहा कि पहलगाम घटना के बाद जो सर्वदलीय बैठक में दुर्भाग्यवश प्रधानमंत्री नहीं आए.रक्षा मंत्री को मीटिंग शेयर करनी पड़ी. बैठक के बाद सरकार ने माना कि चूक हुई है. आतंकियों का मकसद खौफ की कहानी दुनिया को बताना था. ये आतंकी हैवान टाइप के लोग हैं.

**दो बैसाखियों पर टिकी सरकारः** पायलट ने कहा कि पूरा देश जानता कि केंद्र सरकार दो बैसाखियों पर टिकी है. एक चंद्रबाबू नायडू तो दूसरे नीतीश कुमार. इनमें एक बैसाखी खिसक गई तो कुछ भी हो सकता है. आज नफरत और ख्वाब का माहौल बना है. पत्रकारिता की आजादी में देश का दुनिया में स्थान 151वां है. संवैधानिक संस्थाओं को भी केंद्र सरकार कमजोर कर रही है.

## 6 मई से निशुल्क रजिस्ट्रेशन प्रारंभ, संगीत प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी शुरू

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर । भारतीय शास्त्रीय संगीत की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए कार्यरत अर्बुदा कला मंदिर संगीत प्रशिक्षण संस्थान की ओर से 6 मई 2025 से 15 जून 2025 तक ग्रीष्मकालीन संगीत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शाम 4 बजे से 7 बजे तक नियमित किया जाएगा। इस हेतु निशुल्क रजिस्ट्रेशन गुलाब बाग रोड विजन एकेडमी स्कूल के सामने स्थित संगीत संस्थान परिसर में शाम 4:00 बजे से मंगलवार से किए जाएंगे। यह जानकारी संस्थान निदेशक विवेक अग्रवाल ने दी। संस्थान निदेशक विवेक अग्रवाल ने बताया कि संगीत शिविर में संगीत विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत के वाद्य तबला बांसुरी वायलिन सितार शास्त्रीय गायन शास्त्रीय नृत्य कत्थक हारमोनियम ढोलक आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस शिविर में विद्यार्थियों को ऑर्गन पियानो सिंथेसाइजर गिटार स्पेनिश गिटार उकुलेले कांगो ड्रम भी सिखाया जाएगा। सुगम संगीत राजस्थानी लोक नृत्य फिल्मी डांस वेस्टर्न डांस सालसा भांगड़ा अन्य सभी प्रकार के नृत्य कोरियोग्राफर निकिता अग्रवाल द्वारा सिखाए जाएंगे। निदेशक विवेक अग्रवाल ने बताया कि शास्त्रीय गायन का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण उदयपुर शहर के जाने-माने संगीत विशेषज्ञ महेंद्र कुमार वर्मा प्रदान करेंगे। शिविर में विद्यार्थियों को एंकरिंग शुद्ध हिंदी लेखन एवं श्रीमद् भागवत गीता का अध्ययन भी कराया जाएगा। यह शिविर शाम 4:00 बजे से 7:00 बजे तक गुलाब बाग रोड स्थित होटल मुकुंद विलास के परिसर में नियमित आयोजित किया जाएगा। अग्रवाल ने बताया कि जो विद्यार्थी संगीत में ही अपने भविष्य का निर्माण करना चाहते हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होना चाहते हैं उनके लिए संस्थान में नियमित रूप से निशुल्क पठन-पाठन की व्यवस्था भी शाम 7:00 से 9:00 तक की गई है। सभी विद्यार्थी इन कक्षाओं में अध्ययन करके प्रतियोगिता परीक्षाओं को पास कर सकते हैं।

## भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन कराएगी छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत का भव्य दर्शन



**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। भारतीय रेल पहली बार मराठा साम्राज्य के गौरवशाली इतिहास और उसके महान संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थलों की यात्रा के लिए विशेष 'छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट' पर भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन का संचालन करने जा रही है। यह अनूठा हैरिटेज टूर पर्यटकों को महाराष्ट्र के उन ऐतिहासिक स्थानों का भ्रमण कराएगा, जो शिवाजी महाराज की शौर्य गाथा और उनके जीवन दर्शन को जीवंत करते हैं। यह विशेष भारत गौरव ट्रेन अपनी यात्रा की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (बै्डज्), मुंबई से करेगी। कोंकण रेलवे नेटवर्क पर अपनी यात्रा प्रारंभ करते हुए, यह ट्रेन मनगांव रेलवे स्टेशन पहुंचेगी, जो रायगढ़ किले का निकटतम रेलवे स्टेशन है। रायगढ़ किला मराठा साम्राज्य की ऐतिहासिक राजधानी रहा है और यहीं छत्रपति शिवाजी महाराज का भव्य राज्याभिषेक संपन्न हुआ था। पर्यटक रायगढ़ किले का भ्रमण करेंगे, जो उस युग की स्थापत्य कला और रणनीतिक महत्व का प्रतीक है। इसके पश्चात, ट्रेन पुणे के लिए रवाना होगी, जहां पर्यटकों के लिए रात्रि भोजन और आरामदायक होटल में रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है। यात्रा के दूसरे दिन, पर्यटक पुणे शहर के ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का दौरा करेंगे। इनमें प्रमुख रूप से लाल महल शामिल है, जिसका निर्माण 1630 ईस्वी में शाहजी भोंसले ने अपनी पत्नी जीजाबाई और युवा शिवाजी के निवास के लिए करवाया था। वर्तमान में पुनर्निर्मित यह महल छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण तैल चित्रों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित करता है। इसके बाद, पर्यटक कसबा गणपति मंदिर के दर्शन करेंगे, जो पुणे के ग्रामदेवता के रूप में प्रतिष्ठित है और जिसकी स्थापना 1893 में हुई थी। माना जाता है कि इस पवित्र स्थान का चयन स्वयं छत्रपति शिवाजी की माता जीजाबाई ने किया था, और तभी से पुणे को भगवान गणेश की नगरी के रूप में जाना जाता है। पुणे में भ्रमण का अंतिम पड़ाव शिवसृष्टि होगा, जो छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित भारत का सबसे बड़ा और आकर्षक थीम पार्क है। यहां पर्यटक 3डी शो और अन्य इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से शिवाजी महाराज के जीवन दर्शन और उनके पराक्रम को अनुभव कर सकेंगे। पुणे में रात्रि विश्राम के बाद, तीसरे दिन पर्यटक जुन्नार शहर के पास स्थित शिवनेरी किले की यात्रा करेंगे, जो पुणे से लगभग 95 किलोमीटर दूर एक पहाड़ी पर स्थित है। यह किला छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्मस्थली है और मुस्लिम शासन के खिलाफ मराठा गौरव के अटूट प्रतीक के रूप में खड़ा है। इसी दिन दोपहर के भोजन के बाद, पर्यटक बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग मंदिर के दर्शन कर आध्यात्मिक शांति का अनुभव करेंगे। दिनभर के भ्रमण के बाद, पर्यटक रात्रि विश्राम के लिए वापस पुणे लौट आएंगे। 'छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट टूर' के लिए बहुप्रतीक्षित भारत गौरव ट्रेन 09 जून 2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन से अपनी 5 रात और 6 दिन की यादगार यात्रा शुरू करेगी। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह एसी टूरिस्ट ट्रेन स्लीपर, सेकेंड एसी और थर्ड एसी कोचों के साथ कुल 748 पर्यटकों को समायोजित करने की क्षमता रखती है। मुंबई के यात्री दादर और ठाणे रेलवे स्टेशनों से भी इस टूरिस्ट ट्रेन में सवार हो सकते हैं। इस अनमोल विरासत यात्रा के टिकट आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर "पहले आओ-पहले पाओ" के आधार पर ऑनलाइन बुकिंग के लिए उपलब्ध हैं। चौथे दिन, पर्यटक भारत गौरव ट्रेन के साथ ऐतिहासिक सतारा शहर के लिए प्रस्थान करेंगे और वहां प्रतापगढ़ किले का भ्रमण करेंगे। यह वही ऐतिहासिक किला है, जिसने 1659 में अफ़ज़ल खान और छत्रपति शिवाजी महाराज के बीच हुए निर्णायक युद्ध को देखा था, जिसने मराठा साम्राज्य की नींव को और मजबूत किया। दिन में स्वादिष्ट भोजन के बाद, ट्रेन अपने अंतिम गंतव्य, कोल्हापुर की ओर रवाना होगी। पांचवें दिन की सुबह, ट्रेन कोल्हापुर के छत्रपति शाहू जी महाराज टर्मिनस रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। यहां होटल में आरामदायक नाश्ते और तरोताजा होने के बाद, पर्यटक सबसे पहले प्रसिद्ध महालक्ष्मी मंदिर (अंबाबाई) के दर्शन करेंगे, जो महाराष्ट्र के महत्वपूर्ण शक्तिपीठों में से एक है। इसके बाद, वे पन्हाला किले की यात्रा करेंगे, जो सह्याद्री पर्वत श्रृंखला पर स्थित है और जिसने कई ऐतिहासिक लड़ाइयों को अपनी आंखों से देखा है। यह वही किला है जहां छत्रपति शिवाजी महाराज लगभग 500 दिनों तक रुके थे और फिर कुशलतापूर्वक दुश्मनों के घेरे से निकल भागने में सफल रहे थे। पन्हाला किला अपनी साँप जैसी घुमावदार संरचना के कारण 'फोर्ट ऑफ स्नेक्स' के नाम से भी जाना जाता है। यह किला न केवल शिवाजी महाराज बल्कि उनके पुत्र संभाजी महाराज के जीवन से भी गहरा संबंध रखता है। यह स्थल शिवाजी महाराज के वीर कमांडर बाजी प्रभु देशपांडे की अद्वितीय वीरता और बलिदान के लिए भी चिरकाल तक याद किया जाएगा। कोल्हापुर में ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करने के बाद, देर शाम को ट्रेन मुंबई के लिए अपनी वापसी यात्रा शुरू करेगी और छठे दिन की सुबह पर्यटकों को लेकर वापस मुंबई पहुंचेगी। इस विशेष विरासत यात्रा का आयोजन भारतीय रेल के टूरिज्म एंड कैटरिंग कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) द्वारा किया जा रहा है। इस पैकेज में पर्यटकों के लिए आरामदायक होटल में रात्रि विश्राम, स्वादिष्ट शाकाहारी भोजन, बसों के माध्यम से सभी दर्शनीय स्थलों का सुविधाजनक भ्रमण, यात्रा बीमा और अनुभवी टूर एस्कॉर्ट की सेवाएं शामिल हैं, ताकि पर्यटक बिना किसी चिंता के इस ऐतिहासिक यात्रा का आनंद ले सकें।

## झालावाड़ में थाना सदर पुलिस की कार्रवाई : अवैध खनन की रिपोर्टिंग कर रहे एनडीटीवी के रिपोर्टर एवं कैमरामैन पर अज्ञात बदमाशों ने की पत्थर बाजी



**24 न्यूज़ अपडेट**

जयपुर 5 मई। झालावाड़ जिले की थाना सदर पुलिस ने देवरी घट्टा से नाहरसिंघी के बीच हो रहे अवैध खनन के समाचार को कवर कर रहे एनडीटीवी के रिपोर्टर व कैमरामैन पर अज्ञात बदमाशों द्वारा पत्थरबाजी की घटना में 03 आरोपियों चन्दु जाट पुत्र दिलीप सिंह (25) निवासी जूनापानी थाना सदर एवं नरेन्द्र केवट पुत्र रामचन्द्र (24) व ललित केवट पुत्र प्रकाश (22) निवासी नाहरसिंघी थाना सदर को सोमवार को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की गई।

पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि 28 अप्रैल को एनडीटीवी संवाददता रियाज खान अपने सहयोगी रणजीत के साथ देवरी घट्टा से नाहरसिंघी के बीच वन भूमि पर हो रहे अवैध खनन को लेकर समाचार संकलन करने गये हुआ था। जहां खनन के विजुअल करने के बाद पीटीसी करते समय अज्ञात बदमाश पत्थर फेंकनें लगे और गालियां देने लगे। हम वहां से अपनी गाड़ी लेकर निकल गये थें। घटना पर थाना सदर पर प्रकरण बीएनएस की विभिन्न धाराओं में पंजीबद्ध किया गया।

मीडियाकर्मियों पर पत्थरबाजी की घटना की गम्भीरता को देखते हुये अज्ञात बदमाशों की गिफ्तारी के लिए एसपी तोमर द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजी लाल मीणा के निर्देशन, वृत्ताधिकारी हर्षराज सिंह खरेड़ा के सुपरवजिन एवं एसएचओ रामस्वरुप राठौर के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।

टीम सदस्य आसूचना अधिकारी कांस्टेबल विकास द्वारा तकनीकी व मनोविज्ञानिक रूप एवं अपने मुखबिर तंत्रों के माध्यम से अज्ञात बदमाशों का पता लगाया गया। जिनकी गिरफ्तारी के लिए टीम द्वारा संभावित ठिकानो पर लगातार दबिशे दी गयी। सोमवार को थाना सदर टीम द्वारा आरोपी चन्दु जाट, नरेन्द्र केवट व ललित केवट को गिरफ्तार कर लिया।

## एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की कार्रवाई : 1.18 करोड़ रुपये कीमत का 785 किलो अफीम डोडा चूरा से भरा ट्रक कंटेनर पकड़वाया




**24 न्यूज़ अपडेट**

जयपुर 5 मई। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम की सूचना पर प्रतापगढ़ जिले की छोटी सादड़ी थाना पुलिस ने नाकाबन्दी में जयपुर नंबर के एक ट्रक कंटेनर को रुकवा 785 किलो अफीम डोडा चूरा जप्त कर आरोपी तस्कर रामलाल जाट पुत्र गोटू (40) निवासी बडियार थाना मावली जिला उदयपुर को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 1.18 करोड रुपए आंकी गई है।

एजीटीएफ एडीजी श्री दिनेश एमएन द्वारा मादक पदार्थ तस्करों विशेषकर मध्यप्रदेश के सीमावर्ती जिलों के तस्करों को चिन्हित कर उन पर विशेष निगरानी रख कार्रवाई के निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में उपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी के सुपरविजन में हेड कानि महावीर सिंह व कांस्टेबल नरेन्द्र पाटीदार को काफी समय से सूचना मिल रही थी कि कुख्यात तस्कर कमल राणा गैंग से जुड़े तस्कर मध्यप्रदेश-राजस्थान बोर्डर से तस्करी की गतिविधियां संचालित कर रहे है। दूसरे राज्यों से अफीम डोडा चूरा एवं अन्य मादक पदार्थ लाकर राजस्थान के विभिन्न जिलों में सप्लाई कर रहे हैं।

### डाक पार्सल लिखे जयपुर नंबर के ट्रक से तस्करी

एडीजी श्री एमएन ने बताया कि निरन्तर आसूचना संकलन के दौरान टीम को सूचना मिली कि डाक पार्सल लिखे जयपुर नम्बर का एक ट्रक कन्टेनर प्रतापगढ़ से डोडाचूरा भरकर जोधपुर की तरफ जा रहा है। ट्रक के छोटीसादड़ी थाना क्षेत्र की सीमा में प्रवेश की सूचना पर स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया। थाना पुलिस द्वारा रविवार देर रात गोमाना चौराहा ओवर ब्रिज से आगे मधुवन होटल के सामने निम्बाहेडा रोड पर बेरिकेटस लगा नाकाबन्दी कर सख्ती से चैकिंग शुरू की गई।

### 39 कट्टों में मिला 785 किलो अफीम डोडा चूरा

इसी दौरान जयपुर नम्बर का उक्त ट्रक कन्टेनर रामदेवजी की तरफ से आता दिखाई दिया। जिसे हाथ का ईशारा देकर रोकना चाहा तो कन्टेनर चालक ने नाकाबंदी स्थल से करीब 20 मीटर की दूरी पर रोककर कन्टेनर से उतरकर भागने की कोशिश की। जिसे घेर कर पुलिस ने पकड़ लिया। कन्टेनर के अन्दर जूट की खाली बोरियों के 40 बन्डल पड़े हुये थे। उक्त बोरियों के बन्डल के आगे प्लास्टिक के कुल 39 कट्टे मिले। जिनमें अफीम डोडा चूरा कुल वजन 785 किलो भरा था।

### प्रतापगढ़ से जोधपुर सप्लाई की जा रही थी

पूछताछ में आरोपी चालक राम लाल जाट ने बताया कि मनोज जाट पुत्र गेहरी लाल निवासी दाता थाना कपासन जिला चित्तौडगढ़ ने फतेहनगर से कन्टेनर देकर रवाना किया था। रास्ते मे अम्बावली गांव के पास सुनसान में सुनिल मीणा पुत्र कारु लाल निवासी गमेरपुरा व उसके साथियों द्वारा मनोज के कहे अनुसार पिकअप व मोटरसाईकिलों से कन्टेनर में अफीम डोडाचूरा भरवाया। यह डोडा चूरा वह मनोज जाट के कहने पर जोधपुर सिटी से बाहर मामा उर्फ सुनिल नाम के व्यक्ति को देने जा रहा था। मनोज ने उसे इस काम के लिए एक मोबाइल मय सिम भी दी थी।

### जेल में बंद तस्कर कमल राणा गैंग के है सदस्य

सभी आरोपी जेल में बंद कुख्यात तस्कर कमल राणा गैंग के सदस्य हैं, जो निरंतर मादक पदार्थ तस्करी में सक्रिय है। गिरफ्तार आरोपी रामलाल जाट और मनोज जाट के विरुद्ध लूट एवं एनडीपीएस के कई मुकदमें विभिन्न थानों में दर्ज हैं। साल 2022 में केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो द्वारा 24 क्विंटल अफीम डोडा चूरा जब्त किया था। जिसमें यह दोनों आरोपी जेल गए थे। तस्कर रामलाल करीब 1 साल पहले और मनोज करीब 3 महीने पहले जमानत पर बाहर आए थे तभी से दोनों मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे थे। मनोज जाट पहले कमल राणा को तस्करी के लिए वाहन व मोबाइल सिम उपलब्ध कराता था, अब इस गैंग के सदस्यों को उपलब्ध करा रहा है।

### आरोपी सुनील मीणा है एक लाख का इनामी

सुनील मीणा पुत्र कालू राम निवासी गेमरपुरा थाना जीरन जिला नीमच मध्यप्रदेश थाना छोटीसादड़ी जिला प्रतापगढ़ के 7 मुकदमों में वांछित है। सभी प्रकरण मादक पदार्थ तस्करी के दौरान पुलिस पर फायरिंग के है। कमल राणा गैंग का यह बदमाश हमेशा अपने साथ अवैध हथियार रखता है। पुलिस थाना चारभुजा राजसमंद, दसुरी पाली और जोधपुर में वांटेड है। इसकी गिरफ्तारी के लिए जनवरी 2025 में एडीजी श्री एमएन द्वारा इस पर 1 लाख का ईनाम घोषित किया गया था।

एजीटीएफ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी के सुपरविजन में की गई इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल महावीर सिंह एवं कांस्टेबल नरेंद्र पाटीदार की विशेष भूमिका रही। आरोपी की गिरफ्तारी और मादक पदार्थ की जब्ती में थाना छोटीसादड़ी के एसआई नारायण लाल, एएसआई भंवर लाल, हैड कांस्टेबल नरपत सिंह, ओमवीर सिंह, कांस्टेबल राजकुमार, धर्मेंद्र और हरेंद्र शामिल थे।

## एसआई-भर्ती में फैसला लेने के लिए सरकार को अंतिम मौका:हाईकोर्ट ने कहा- 15 मई तक बताओ, नहीं तो हम लेंगे फैसला, ईडी आरोपियों से करेगी पूछताछ



**24 न्यूज़ अपडेट**

सब इंस्पेक्टर (SI) भर्ती 2021 में सरकार दो माह बाद भी फैसला नहीं ले पाई है। आज हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएजी) विज्ञान शाह ने कोर्ट में कहा कि सरकार अभी किसी भी फैसले पर नहीं पहुंची है।

इस मामले में 13 मई को कैबिनेट सब कमेटी की बैठक प्रस्तावित है। ऐसे में सरकार को जवाब के लिए अतिरिक्त समय दिया जाए। इस पर जस्टिस समीर जैन की अदालत ने कहा- कोर्ट सरकार को एक अंतिम मौका दे रही है। सरकार 15 मई तक अपने फैसले से अवगत कराए। अन्यथा अदालत मामले में सुनवाई के बाद अपना फैसला देगी।

दरअसल, हाईकोर्ट ने 21 फरवरी को सरकार को एसआई भर्ती को लेकर फैसला लेने के लिए दो माह का समय दिया था।

### ईडी दो आरोपियों से करेगी पूछताछ

एसआई भर्ती मामले में पहले ही ईडी की एंट्री हो चुकी हैं। ईडी ने एनफोर्समेंट केस इंफोर्मेशन रिपोर्ट (ECIR) दर्ज कर ली थी। आज ईडी की ओर से एएसजी आरडी रस्तोगी ने कहा कि ईडी मामले में प्राथमिक रूप से जांच करने के लिए सहमत है। हमने मामले में गिरफ्तार दो आरोपियों हर्षवर्धन कुमार मीणा और राजेन्द्र यादव से पूछताछ के लिए कोर्ट से अनुमति मांगी थी। जिसकी अनुमित पीएमएलए कोर्ट से हमें मिल गई हैं।

### फील्ड पोस्टिंग पर लगी है रोक

आरपीएससी ने साल 2021 में सब इंस्पेक्टर व प्लाटून कमांडर के 859 पदों भर्ती निकाली थी। भर्ती परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों चलते सरकार ने जांच एसओजी को दी। एसओजी ने ट्रेनी एसआई सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया।

ऐसे में भर्ती को रद्द करने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में कई याचिकाएं दायर हुई। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने बताया कि जस्टिस समीर जैन की अदालत ने 18 नवम्बर, 6 जनवरी और 9 जनवरी के आदेश से पूरी भर्ती प्रक्रिया पर यथास्थिति के आदेश दिए थे। हाई कोर्ट की एकलपीठ के आदेश के बाद पुलिस मुख्यालय ने 10 जनवरी को आदेश जारी करते हुए भर्ती में फील्ड ट्रेनिंग पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी। यह रोक आज भी जारी है।

### भर्ती रद्द कराना चाहते हैं याचिकाकर्ता

मामले में याचिकाकर्ताओं के अलावा सरकार, ट्रेनी एसआई पक्षकार हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि भर्ती को निरस्त किया जाना चाहिए। क्योंकि एसओजी, पुलिस मुख्यालय, एजी और कैबिनेट सब कमेटी भर्ती रद्द करने की सिफारिश कर चुके हैं।

वहीं, ट्रेनिंग ले रहे सब इंस्पेक्टर्स का कहना है कि पेपर लीक में हमारी कोई संलिप्तता नहीं है। हमने इस नौकरी के लिए अन्य सरकारी नौकरी छोड़ी है। ऐसे में अगर भर्ती रद्द होती है, तो हमारे साथ अन्याय होगा।

## जिला स्तर पर सघनता से चलाया सर्च अभियान : 11 बच्चों सहित कुल 60 अवैध बांग्लादेशी नागरिक दस्तयाब



**24 न्यूज़ अपडेट**

जयपुर 5 मई। अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के प्रत्यावर्तन/निष्कासन के लिए भिवाड़ी पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला स्तर पर सघनता से सर्च ऑपरेशन कर 60 बांग्लादेशी नागरिकों को दस्तयाब किया है, जिनमें 25 पुरुष, 24 महिलाएं एवं 11 बच्चे है। भिवाड़ी एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी ने बताया कि राजस्थान सरकार एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार प्रतिबंधित बांग्लादेशी नागरिकों के प्रत्यावर्तन/निष्कासन अभियान के तहत जिला पुलिस त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई कर रही है। अभियान की सफलता के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू के निर्देशन, सीओ भिवाड़ी कैलाश चौधरी व सीओ तिजारा शिवराज सिंह के सुपरविजन में थाना भिवाड़ी, भिवाडी फैज तृतीय, चौपानकी, खुशखेडा, थाना टपुकडा के औद्योगिक क्षेत्रों एवं थाना तिजारा, शेखपुर अहीर व जैराली के क्षेत्रों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी की पहचान के प्रयास किये गए।

सघनता से सर्च अभियान चलाया जाकर पुलिस के खुफिया तंत्र और मुखबीर की सुचना के आधार पर जिला भिवाड़ी में अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी जाकर बिना किसी वैध दस्तावेज के अवैध रूप से रह रहे 25 पुरूष, 24 महिलाएं एवं 11 बच्चों सहित कुल 60 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को दस्तयाब किया गया। एसपी मैत्रेयी ने जिले के समस्त व्यवसायिक संगठनों एंव स्थानीय नागरिकों से अपील है की वे अपने अधीन कार्यरत समस्त व्यक्तियों एवं किरायेदारो का पुलिस सत्यापन जरुर करावें। बिना सत्यापन किसी भी अज्ञात व्यक्ति को कार्य पर नहीं रखें। और ना ही किराये पर मकान देवें।

### पुलिस टीम के सदस्य

एसएचओ भिवाड़ी फैज तृतीय सत्यनारायण मय टीम, एसएचओ टपुकडा राजीव मय टीम, एसएचओ जैरोली विक्रम सिंह मय टीम, साइबर सेल भिवाड़ी से कांस्टेबल मुकेश कुमार, थाना फूलबाग से कांस्टेबल धर्मेन्द्र, थाना टपूकड़ा से कांस्टेबल सन्दीप सिंह, थाना तिजारा से कांस्टेबल कुलवीर सिंह, थाना शेखपुर से कांस्टेबल रवीन्द्र, थाना जेराली से कांस्टेबल छुट्टन, पुलिस लाईन से कांस्टेबल नटवर, कमलेश, आशीष, राजेन्द्र सिंह व सचिन एवं क्युआरटी टीम भिवाड़ी।

## आईपीएल खिलाड़ी शिवालिक शर्मा रेप केस में गिरफ्तार, कोर्ट ने जेल भेजाः जोधपुर की युवती ने शादी का झांसा देकर शोषण का लगाया आरोप



**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, जोधपुर। आईपीएल खिलाड़ी और वडोदरा निवासी शिवालिक शर्मा को जोधपुर पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी पर उसकी पूर्व मंगेतर ने शादी का झांसा देकर देह शोषण का आरोप लगाया था। यह मामला जनवरी में जोधपुर के कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में दर्ज हुआ था। थानाधिकारी हमीर सिंह भाटी ने बताया कि पीड़िता ने एफआईआर में आरोप लगाया कि उसकी शिवालिक शर्मा से सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती हुई थी, जो कुछ ही समय में गहरी नजदीकियों में बदल गई। इस दौरान शिवालिक कई बार जोधपुर आया और युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों की बाकायदा सगाई भी हो चुकी थी। हालांकि, पिछले साल से शिवालिक का रवैया बदल गया। उसने पीड़िता से दूरी बनानी शुरू कर दी, जिससे युवती मानसिक तनाव में रहने लगी। जब परिजन स्थिति से चिंतित होकर गुजरात स्थित शिवालिक के घर पहुंचे, तो उसने साफ-साफ शादी से इनकार कर दिया। आखिरकार युवती ने शिवालिक शर्मा (27 वर्ष), निवासी संजानदं डुप्लेक्स, थाना अटलादरा, वडोदरा, गुजरात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज की और शनिवार देर रात उसे गिरफ्तार कर लिया गया। शिवालिक शर्मा कभी क्रिकेट के मैदान पर अपनी गेंदबाज़ी और परफॉर्मेंस को लेकर चर्चा में रहे हैं, लेकिन अब वह एक गंभीर आपराधिक मामले में कानून के शिकंजे में हैं। पुलिस का कहना है कि आगे की पूछताछ और तकनीकी साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया जारी है।

# बाप से ''माल'' बरामद, एसीबी ने जब्त किए 20 लाख कैश, कोर्ट ने भेजा विधायक को रिमांड पर



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। राजस्थान की राजनीति में पहली बार किसी सिटिंग विधायक की रिश्वत के मामले में गिरफ्तारी ने सनसनी फैला दी है। भारत आदिवासी पार्टी (BAP) के बागीदौरा से विधायक जयकृष्ण पटेल को 20 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) ने गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने पटेल और उनके चचेरे भाई विष्णु पटेल को दो दिन की रिमांड पर भेज दिया है। सोमवार को एसीबी ने 20 लाख रुपये की रिश्वत की राशि बरामद कर ली, हालांकि यह खुलासा नहीं किया गया कि यह राशि किस स्थान से और किस व्यक्ति के पास से मिली। गौरतलब है कि 4 मई को जयकृष्ण पटेल के सरकारी आवास पर छापे के दौरान एक व्यक्ति यह रकम लेकर भाग गया था, जो अब बरामद कर ली गई है। कोर्ट में पेशी के बाद विधायक जयकृष्ण पटेल ने मीडिया से कहा कि उन्हें साजिशन फंसाया जा रहा है और उन्होंने कोई गलत कार्य नहीं किया है। इसके बाद ACB की टीम उन्हें मुख्यालय लेकर गई। ACB ने जयपुर स्थित विधायक क्वार्टर्स के सभी CCTV फुटेज सीज कर लिए हैं और सर्वर रूम की एफएसएल से जांच करवाई जाएगी ताकि डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित रह सकें। ACB जांच में यह भी सामने आया है कि विधायक ने खनन कंपनी संचालक रवींद्र सिंह को बार-बार धमकाया और ब्लैकमेल किया। वह रवींद्र से कहता था कि उसका वर्चस्व इतना है कि विधानसभा में सरकार भी चुप रहती है, और यदि ढाई करोड़ रुपये नहीं दिए तो 15 मई तक उसे बर्बाद कर देगा। देरी होने पर खनन विभाग के अधिकारियों से खदान बंद करवा देने की भी धमकी दी गई। बताया गया कि फरवरी से अब तक विधायक ने चार बार धमकी दी और अपने चचेरे भाई के जरिए बातचीत करवाई। इतना ही नहीं, उन्होंने खनन से जुड़े तीन सवाल विधानसभा में लगाए और फिर उन्हें वापस लेने की प्रक्रिया शुरू की, जिसे लेकर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यह एक गलत परंपरा की शुरुआत है और ऐसे मामलों में अंतिम निर्णय अदालत के फैसले पर निर्भर करेगा। इस घटनाक्रम पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी तेज हो गई हैं। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि अगर जांच में आरोप सही साबित होते हैं तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और हमें सोचने की जरूरत है कि प्रदेश को कैसे नेता चाहिए। उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने इस प्रकरण को BAP की असलियत बताया और कहा कि आदिवासियों को ऐसे राष्ट्रविरोधी तत्वों को पहचानना चाहिए। वहीं पूर्व सांसद रघुवीर मीणा ने कहा कि जब अचानक किसी को पैसा मिलता है, तो वह मर्यादा भूल जाता है और इस घटना ने राजनीति और समाज को कलंकित किया है।

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। राजस्थान की राजनीति में पहली बार किसी सिटिंग विधायक की रिश्वत के मामले में गिरफ्तारी ने सनसनी फैला दी है। भारत आदिवासी पार्टी के बागीदौरा से विधायक जयकृष्ण पटेल को 20 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में एंटी करप्शन ब्यूरो ने गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने पटेल और उनके चचेरे भाई विष्णु पटेल को दो दिन की रिमांड पर भेज दिया है। सोमवार को एसीबी ने 20 लाख रुपये की रिश्वत की राशि बरामद कर ली, हालांकि यह खुलासा नहीं किया गया कि यह राशि किस स्थान से और किस व्यक्ति के पास से मिली। गौरतलब है कि 4 मई को जयकृष्ण पटेल के सरकारी आवास पर छापे के दौरान एक व्यक्ति यह रकम लेकर भाग गया था, जो अब बरामद कर ली गई है। कोर्ट में पेशी के बाद विधायक जयकृष्ण पटेल ने मीडिया से कहा कि उन्हें साजिशन फंसाया जा रहा है और उन्होंने कोई गलत कार्य नहीं किया है। इसके बाद ।ब्ठ की टीम उन्हें मुख्यालय लेकर गई। ।ब्ठ ने जयपुर स्थित विधायक क्वार्टर्स के सभी फुटेज सीज कर लिए हैं और सर्वर रूम की एफएसएल से जांच करवाई जाएगी ताकि डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित रह सकें। जांच में यह भी सामने आया है कि विधायक ने खनन कंपनी संचालक रवींद्र सिंह को बार-बार धमकाया और ब्लैकमेल किया। वह रवींद्र से कहता था कि उसका वर्चस्व इतना है कि विधानसभा में सरकार भी चुप रहती है, और यदि ढाई करोड़ रुपये नहीं दिए तो 15 मई तक उसे बर्बाद कर देगा। देरी होने पर खनन विभाग के अधिकारियों से खदान बंद करवा देने की भी धमकी दी गई। बताया गया कि फरवरी से अब तक विधायक ने चार बार धमकी दी और अपने चचेरे भाई के जरिए बातचीत करवाई। इतना ही नहीं, उन्होंने खनन से जुड़े तीन सवाल विधानसभा में लगाए और फिर उन्हें वापस लेने की प्रक्रिया शुरू की, जिसे लेकर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यह एक गलत परंपरा की शुरुआत है और ऐसे मामलों में अंतिम निर्णय अदालत के फैसले पर निर्भर करेगा। इस घटनाक्रम पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी तेज हो गई हैं। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि अगर जांच में आरोप सही साबित होते हैं तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और हमें सोचने की जरूरत है कि प्रदेश को कैसे नेता चाहिए। उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने इस प्रकरण को ठ।च् की असलियत बताया और कहा कि आदिवासियों को ऐसे राष्ट्रविरोधी तत्वों को पहचानना चाहिए। वहीं पूर्व सांसद रघुवीर मीणा ने कहा कि जब अचानक किसी को पैसा मिलता है, तो वह मर्यादा भूल जाता है और इस घटना ने राजनीति और समाज को कलंकित किया है।

## बीएपी का जन्म ही भ्रष्टाचार व झूठ से हुआ अब और उजागरः सांसद डॉ रावत

## रिश्वत मामले से असली चेहरा उजागर



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। सांसद मन्नालाल रावत ने बी ए पी विधायक जय कृष्ण पटेल को ढाई करोड रुपए की रिश्वत मामले में एसीबी द्वारा गिरफ्तार करने पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि इस घटना से बाप के नेताओं का असली चेहरा जनता के सामने आ गया है। इस घटना ने विधायकी जैसे पद को भी शर्मसार किया है। जो पार्टी आदिवासियों के हितों का दावा करते नहीं थकते वे इतनी मोटी रकम रिश्वत के रुप में मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में डराने धमकाने की जो राजनीति बाप के नेता कर रहे हैं वह भी सबके सामने आ गई। ऐसी चर्चा है कि बाप के नेता राजकुमार रोत भी क्षेत्र में लोगों को करोडों की वसूली के लिए परेशान कर चुके हैं। आदिवासी क्षेत्र में केवल 20-25 लोग ही ऐसे हैं जो माहौल को खराब कर रहे हैं और इस प्रकार की वसूली गतिविधियों में लगे हैं। झारखंड से आए हुए कुछ लोग भी है जो कट्टपंथी इस्लाम का प्रचार करने में लगे हैं। काकरी डूंगरी की घटना भी लोग भूले नहीं है जिसमें दो निर्दोष लोगों की जान चली गई। क्षेत्र में राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले ऐसे नेताओं के बारे में अब भी आदिवासियों को जान लेना चाहिए, जो अपने स्वार्थ के लिए आदिवासियों को ही मोहरा बनाए हुए हैं। ऐसे लोगों की विधायिका भी खत्म होनी चाहिए, क्योंकि ये अपने राजनीतिक हित के लिए ही सब कुछ कर रहे हैं। जैसा कि एसीबी के डीजी ने इस मामले में बताया कि रिश्वत का मामला 10 करोड से शुरु होकर ढाई करोड पर आया था, जो अत्यंत चिंताजनक है और हैरत करने वाला है। खास बात यह है कि पटेल जिस क्षेत्र से विधायक है उससे कई दूर क्षेत्र का प्रश्न उन्होंने विधानसभा में उठाया था, जिससे साफ है कि वे केवल परेशान करने के लिए ऐसा कर रहे थे।

# बड़गांव मोक्षधाम में लगाए परिंडे



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। गर्मी के सीजन में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर की टीम ने बड़गांव स्थित मोक्षधाम पर परिंडे लगाकर पर्यावरण एवं पक्षी संरक्षण का संदेश दिया। संस्थान उपाध्यक्ष मंजूलता ने बताया कि बड़गांव मोक्षधाम में बड़गांव के निवर्तमान सरपंच (प्रशासक) संजय शर्मा और पंचायत समिति सदस्य भुवनेश व्यास ने परिंडा लगाकर सेवा अभियान की शुरूआत की। संस्थान अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, पर्यावरण प्रेमी युगल किशोर जोशी, ब्रजेश शर्मा, विनिश व्यास, निर्णय शर्मा, मोहित जोशी और मोक्षधाम के चौकीदार ने भी परिंडे लगाए। संस्थान ने अप्रैल में ही परिंडा अभियान शुरू कर दिया था। अभियान के तहत रोजाना आमजन को निशुल्क परिंडे वितरित भी किए जा रहे है। गर्मी के पूरे सीजन में यह सेवा अभियान जारी रहेगा


# इस्कॉन गगूंकुण्ड नौका विहार में भक्तों का सैलाब, रंगबिरंगी फूलमालाओं गुब्बारों, लाईटों से सजे नौका और गगूंकुण्ड



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। इस्कॉन जगन्नाथ मन्दिर की ओर से आयोजित गगूंकुण्ड सरोवर मे श्री श्री राधा माधव भगवान की नौका विहार में हजारों भक्तों का सैलाब उमडा। मन्दिर अध्यक्ष मायापुर वासी दास ने बताया कि गत वर्ष भक्तों की अपार भीड़ को देखते हुए बैसाख की गर्मी मे समुचित व्यवस्था की गई है। प्रारम्भ मे भगवान को गाजे बाजे आतिशबाजी के बीच फूलों की वर्षा करते हुए पालकी में लाकर नौका विराजमान कर भव्य श्रृंगार कर आरती की गई। पूरे गगूंकुण्ड को फूलमालाओं गुब्बारों रंग बिरंगी लाईटों से सजाया गया है। मन्दिर के ब्रह्मचारी वैष्णव पुजारी अपने हाथों से नौका की पतवार चलाकर हरे कृष्ण हरे राम हरिबोल जैसे उद्घोष के साथ भ्रमण करते रहे। हर एक राउण्ड के बाद क्रमश भोग लगता रहा। भक्त लोग नौका विहार के नयनाभिराम रमणीय दर्शन कर फूलों की वर्षा कर अपने हाथों से निर्मित 2008 व्यंजनों का भोग धराया गया। जिसे सभी भक्तों में वितरित किया गया। इस अवसर पर वृन्दावन से पधारे सन्त देवहरि एंव नन्दब्रज प्रभु सहित अनेक गणमान्य महानुभाओ का सानिध्य प्राप्त हुआ।


# 'ईवफेस्ट - 2025' में छात्र-छात्राएं देंगे रंगारंग प्रस्तुतियां




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय (सीसीएएस) का 59वां वार्षिकोत्सव 'ईवफेस्ट- 2025' का आयोजन मंगलवार शाम 6.00 बजे राजस्थान कृषि महाविद्यालय के नवीन सभागार में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. अजीत कुमार कर्नाटक एवं विशिष्ट अतिथि म.प्र.कृ.प्रौ.वि विश्वविद्यालय प्रबंधन मंडल (बोम) सदस्य डॉ. कविता जोशी होंगी। महाविद्यालय की अधिष्ठाता प्रो. धृति सौलंकी ने बताया कि इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं विविध रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियां देंगे। इसके अतिरिक्त, महाविद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का भी सम्मान किया जाएगा।

# ''संविधान बचाओ अभियान'' के बहाने कांग्रेस पुनर्जागरण का प्रयास : 20 मई तक के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय, तैयारी बैठक 7 को



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार देशभर में चलाए जा रहे "संविधान बचाओ अभियान" के तहत उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भी इस अभियान को सफलतापूर्वक संचालित किया जाएगा। इसी क्रम में एक तैयारी बैठक दिनांक 7 मई 2025 को प्रातः 11 बजे सूरजपोल स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की जा रही है। बैठक में एआईसीसी सदस्य एवं "संविधान बचाओ अभियान" के जिला प्रभारी दिनेश खोड़निया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा विधानसभा क्षेत्रवार नियुक्त प्रभारीगण भी भाग लेंगे। चरणबद्ध रूप से होगा अभियानः जिसमें 3 मई से 10 मई 2025 तक जिला स्तरीय "संविधान बचाओ रैली", 11 मई से 17 मई 2025 तक विधानसभा स्तरीय रैली, 20 मई से 30 मई 2025 तक घर-घर संपर्क अभियान आयोजित किया जाना है। शुरुआत 28 अप्रैल को जयपुर में हुई प्रदेश स्तरीय रैली से हो चुकी है, जिसका नेतृत्व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने किया। बैठक में एआईसीसी सदस्य, प्रदेश पदाधिकारी सांसद/विधायक/पूर्व सांसद-विधायक/प्रत्याशीगण, जिला कांग्रेस कार्यकारिणी, पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रधान, उपप्रधान, ब्लॉक व मंडल अध्यक्ष व कार्यकारिणी, नगर निकाय प्रतिनिधि, पार्षदगण, जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्य, अग्रिम संगठन दृ सेवा दल, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, विभाग एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्य, वरिष्ठ कांग्रेसजन, पंच-सरपंच व अन्य पदाधिकारी आदि शामिल होंगे। देहात जिलाध्यक्ष कचरू लाल चौधरी ने यह जानकारी दी। बैठक का मुख्य उद्देश्य अभियान की क्रियान्विति एवं संगठनात्मक समन्वय को सुनिश्चित करना है, ताकि संविधान की रक्षा हेतु पार्टी का संदेश हर घर तक प्रभावी ढंग से पहुँचाया जा सके।

# देश में पहली बार किसी कृषि विश्वविद्यालय ने एक साथ तीन औषधीय फसलों की किस्में अधिसूचित कर रचा कीर्तिमान, MPUAT की 'प्रताप' श्रृंखला से औषधीय क्रांति की हैट्रिक



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। देश के कृषि अनुसंधान इतिहास में पहली बार किसी विश्वविद्यालय ने एक साथ तीन औषधीय फसलों की नई किस्में अधिसूचित करवाई हैं। यह ऐतिहासिक उपलब्धि उदयपुर स्थित महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एम.पी.यू.ए.टी.) ने 'प्रताप' नाम से विकसित किस्मों के जरिए हासिल की है। 'प्रताप अश्वगंधा-1', 'प्रताप ईसबगोल-1' और 'प्रताप असालिया-1' को हाल ही में नई दिल्ली में ICAR की केंद्रीय उपसमिति की बैठक में राजस्थान राज्य के लिए अधिसूचित किया गया है। यह उपलब्धि इसलिए भी अद्वितीय है क्योंकि देश के किसी भी कृषि विश्वविद्यालय की यह पहली घटना है, जब एक ही अनुसंधान परियोजना से जुड़ी तीन किस्में एक साथ अधिसूचित हुई हों। इससे औषधीय फसलों की वैज्ञानिक खेती को संस्थागत आधार मिलेगा और किसानों को नई दिशा में उत्पादन व आय का बेहतर जरिया भी प्राप्त होगा।

**औषधीय फसलों की ये किस्में विशेष क्यों हैं?**

एम.पी.यू.ए.टी. के अनुसंधान निदेशक डॉ. अरविंद वर्मा के अनुसार, ये तीनों औषधीय फसलें—ईसबगोल, अश्वगंधा और असालिया—राजस्थान में परंपरागत रूप से उगाई जाती रही हैं, लेकिन अब वैज्ञानिक पद्धति से विकसित किस्मों की अधिसूचना से किसानों को लाभदायक और रोग-प्रतिरोधी विकल्प उपलब्ध होंगे। इस परियोजना के प्रभारी और प्रजनक डॉ. अमित दाधीच ने बताया कि—प्रताप ईसबगोल-1 की औसत बीज उपज 1207 किग्रा/हेक्टेयर है, जो 115 दिन में पकती है और कई रोगों के प्रति प्रतिरोधक है। यह आहार फाइबर के रूप में पाचन क्रिया, मोटापा, डिहाइड्रेशन और डायबिटीज जैसी समस्याओं के लिए उपयोगी है। प्रताप अश्वगंधा-1, राजस्थान की पहली अधिसूचित किस्म है, जिसकी औसत सूखी जड़ उपज 421 किग्रा/हेक्टेयर है। यह तनाव, थकान, नींद और मानसिक शांति के लिए आयुर्वेद में उपयोगी प्रसिद्ध औषधीय पौधा है। प्रताप असालिया-1 (आलिया) की औसत बीज उपज 2028 किग्रा/हेक्टेयर है और यह 111 दिन में परिपक्व होती है। रक्त की कमी, त्वचा रोगों, वात विकारों और नेत्र संबंधी बीमारियों के इलाज में सहायक यह फसल कम लागत, कम सिंचाई और कम संसाधनों में उगाई जा सकती है। वैज्ञानिक नवाचार में MPUAT का अग्रणी कदम कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने इसे विश्वविद्यालय के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि MPUAT सिर्फ अनुसंधान और प्रसार तक सीमित नहीं है, बल्कि नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में भी अग्रणी है। विश्वविद्यालय ने अब तक 54 पेटेंट, तीन बकरी नस्लें (सिरोही, गुजरी, करौली) और मक्का, मूंगफली व अफीम की उन्नत किस्में विकसित की हैं। इन तीन औषधीय फसलों की अधिसूचना न केवल राज्य के किसानों को नई संभावनाएं देगी, बल्कि देशभर में औषधीय खेती की वैज्ञानिक और व्यावसायिक दिशा भी तय करेगी।

# एम्बुलेंस में गूंजी किलकारियां, चित्तौड़गढ़ में महिला ने रास्ते में स्वस्थ बेटी को जन्म दिया!



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, चित्तौड़गढ। चित्तौड़गढ़ जिले के सांवता गांव की काली बाई ने सोमवार को अस्पताल ले जाते समय एम्बुलेंस में ही एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। समय पर 108 एम्बुलेंस की उपलब्धता और स्टाफ की सूझबूझ ने जच्चा-बच्चा दोनों की जान बचा ली। सांवता निवासी काली बाई को सुबह अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों ने तुरंत 11:26 बजे 108 एम्बुलेंस को फोन किया, जो कुछ ही देर में 11:43 बजे उनके घर पहुंच गई। काली बाई, जिनका पहले से ही 2 साल का बेटा है, यह उनकी दूसरी संतान है। उनके पति रमेश भील मजदूरी करते हैं। एम्बुलेंस में मौजूद 108 सेवा के कर्मचारी सुखदेव बैरवा और कालूलाल ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए चित्तौड़गढ़ जिला हॉस्पिटल की दूरी और समय को ध्यान में रखते हुए एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराने का निर्णय लिया। परिणामस्वरूप, 11:55 बजे रास्ते में ही काली बाई ने 2800 ग्राम वजन की एक स्वस्थ बेटी को जन्म दिया। प्रसव के तुरंत बाद एम्बुलेंस स्टाफ ने जच्चा-बच्चा की प्राथमिक देखभाल सुनिश्चित की और उन्हें सुरक्षित जिला हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां उन्हें भर्ती किया गया। डॉक्टरों ने मां और बेटी दोनों को पूरी तरह से स्वस्थ बताया है। हॉस्पिटल प्रशासन ने भी एम्बुलेंस स्टाफ की त्वरित कार्रवाई और पेशेवरता की सराहना की है।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।